प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

संविधान हत्या दिवस

संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की याद दिलाता है, जब देश में संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। यह दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने का अवसर भी हैए जिन्होंने आपातकाल के दौरान दमन, उत्पीड़न और कठिन परिस्थितियों का सामना किया। इस अवसर पर देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस बीच प्रदेश में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने बताया कि इस मौके पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सैनानियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिमला में आज होने वाले संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल मुख्य वक्ता होंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पारदर्शी व प्रभावी जन सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला में डिजिटल प्रौद्योगिकी व गर्वनेंस विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में आम लोगों के हित में अनेक योजनाएं शुरू की हैं जिनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की परियोजना व योजनाओं की निगरानी के लिए विकसित मुख्यमंत्री डेश बोर्ड की प्रगति की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डेश बोर्ड विभिन्न योजनाओं की प्रगति व क्रियान्वयन की निगरानी के लिए एक प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का अब तक का कार्यकाल देश के लिए स्वर्णिम रहा है। मंडी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वैश्विक पटल पर भारत एक शक्तिशाली और सशक्त राष्ट्र के रूप में पुर्नस्थापित हुआ है। जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर राज्य की बहुमूल्य संपत्तियों को बेचने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्तियों को बेचने जा रही है जो सरासर गलत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में हिमाचल ऑन सेल का टैग लगा दिया है।

शूलिनी मेला

सोलन का सुप्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय शूलिनी मेला कल से शुरू होगा। 28 जून तक आयोजित किए जाने वाले इस मेले में तीन सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी जिनमें बॉलीवुड व पंजाबी कलाकारों के अलावा हिमाचली कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। अतिरिक्त जिला उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा वॉलीबाल, कबड्डी, बास्केटबॉल और बैडमिंटन सहित अनेक खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि एंटी चिटटा थीम पर आयोजित की जा रही इन खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का मकसद युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें खेलों से जोड़ना है।

<u>सुख आश्रय</u>

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना प्रदेश के बेसहारा बच्चों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है। कांगड़ा जिला में भी बेसहारा बच्चों के सुरक्षित भविष्य निर्माण में ये योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। **अधिक जानकारी के साथ हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता.........**

<u>अधिसूचना</u>

राज्य सरकार ने लाहौल स्पीति जिले के केलांग उपमंडल, चंबा जिले के पांगी उपमंडल और जिला परिषद लाहौल स्पीति की मौजूदा पंचायती राज संस्थाओं को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन क्षेत्रों में हाल ही में पंचायत चुनाव के बाद नवनिर्वाचित संस्थाओं को कार्यभार सौंपने और पूरे प्रदेश में पंचायतों के कार्यकाल को एक समान करने के उद्देश्य से ये निर्णय लिया गया है।

डेस्क

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे, नमस्कार